प्रतिदर्श प्रश्नपत्र 5

कक्षा–10 परीक्षा 2026–27

हिन्दी–अ (कोड–002)

निर्धारित समय : 3 घंटे **अधिकतम अंक : 80**

सामान्य निर्देश :

निम्नलिखित निर्देशों को बहुत सावधानी से पढ़िए और उनका सख्ती से अनुपालन कीजिए :

(i) इस प्रश्नपत्र में कुल चार खंड हैं– क, ख, ग, घ।

(ii) इस प्रश्नपत्र में कुल 15 प्रश्न हैं। सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।

(iii) प्रश्नपत्र में आतंरिक विकल्प दिए गए हैं।

(iv) प्रश्नों के उत्तर दिए गए निर्देशों का पालन करते हुए लिखिए।

खंड – क (अपठित बोध) 14

1. निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर उस पर आधारित पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए– 7

हिंदी भाषा भारतीय संस्कृति और समाज का एक अभिन्न हिस्सा है। भारत में हिंदी न केवल एक संप्रेषण का माध्यम है, बल्कि यह देश की सांस्कृतिक धरोहर को भी संजोए रखती है। हिंदी साहित्य का इतिहास बहुत पुराना है और इसमें कई प्रसिद्ध कवि और लेखक हुए हैं जिन्होंने अपनी रचनाओं के माध्यम से समाज को दिशा दी है। हिंदी साहित्य के अंतर्गत गद्य, पद्य, नाटक और निबंध जैसी विधाओं का विकास हुआ है। हिंदी भाषा की लोकप्रियता का एक कारण इसका सरल व्याकरण और समझने में आसानी होना है। हिंदी को भारत के विभिन्न राज्यों में मातृभाषा के रूप में भी प्रयोग किया जाता है, खासकर उत्तर भारत के राज्यों में।

हिंदी को संविधान में राजभाषा का दर्जा प्राप्त है, और यह भारत की आधिकारिक भाषाओं में से एक है। भारत सरकार ने हिंदी के प्रचार और प्रसार के लिए कई योजनाएं शुरू की हैं, जिनमें 'हिंदी दिवस' और 'राजभाषा नीति' प्रमुख हैं। हिंदी दिवस हर साल 14 सितंबर को मनाया जाता है, और इसका उद्देश्य हिंदी भाषा के महत्व को जन–जन तक पहुंचाना है। हिंदी न केवल भारत में, बल्कि विदेशों में भी लोकप्रिय हो रही है। कई देशों में हिंदी पढ़ाई और सिखाई जा रही है। आज हिंदी भाषा ने साहित्य, सिनेमा और मीडिया के माध्यम से एक सशक्त स्थान बना लिया है।

(क) कथन (A) और कारण (R) को पढ़कर उपयुक्त विकल्प चुनिए:

कथन (A) : हिंदी को भारतीय संविधान में राजभाषा का दर्जा प्राप्त है।

कारण (R) : हिंदी भारत के अधिकांश राज्यों की मातृभाषा है।

i. कथन (A) गलत है, किन्तु कारण (R) सही है।

ii. कथन (A) और कारण (R) दोनों ही गलत हैं।

iii. कथन (A) सही है और कारण (R) कथन (A) की सही व्याख्या है।

iv. कथन (A) सही है किन्तु कारण (R) कथन (A) की सही व्याख्या नहीं है।

(ख) हिंदी भाषा का महत्त्व क्यों है–
कथन के लिए उचित विकल्प का चयन कीजिए:
I. यह भारत की राजभाषा है।
II. यह सरल व्याकरण वाली भाषा है।
III. यह भारत की सांस्कृतिक धरोहर को संजोए रखती है।
IV. यह केवल उत्तर भारत में बोली जाती है।
विकल्प–
i. कथन I और II सही हैं।
ii. कथन I, II और III सही हैं।
iii. केवल कथन IV सही है।
iv. कथन I, II, III और IV सही हैं।

(ग) नीचे दिए हुए कॉलम 1 को कॉलम 2 से सुमेलित कर सही विकल्प का चयन कीजिए:

	कॉलम 1		**कॉलम 2**
I	हिंदी दिवस	1.	14 सितंबर
II	भारत की राजभाषा नीति	2.	हिंदी को बढ़ावा
III	हिंदी साहित्य के प्रमुख लेखक	3.	प्रेमचंद

i. I (1), II (2), III (3)
ii. I (2), II (1), III (3)
iii. I (3), II (1), III (2)
iv. I (2), II (3), III (1)

(घ) भारत में हिंदी के प्रचार–प्रसार के लिए कौन–सी सरकारी योजनाएं चलाई जा रही हैं?

(ङ) हिंदी भाषा भारतीय संस्कृति के लिए क्यों महत्वपूर्ण है?

2. निम्नलिखित काव्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर उस पर आधारित पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए– 7

कोशिश करने वालों की हार नहीं होती,
लहरों से डरकर नौका पार नहीं होती।
नन्ही चींटी जब दाना लेकर चलती है,
चढ़ती दीवारों पर, सौ बार फिसलती है।
मन का विश्वास रगों में साहस भरता है,
चढ़कर गिरना, गिरकर चढ़ना न अखरता है।
अखिर उसकी मेहनत बेकार नहीं होती,
कोशिश करने वालों की हार नहीं होती।
डूबकियां सिंधु में गोताखोर लगाता है,
जा जाकर खाली हाथ लौटकर आता है।
मिलते नहीं सहज ही मोती गहरे पानी में,
बढ़ता दुगना उत्साह इसी हैरानी में।

मुट्ठी उसकी खाली हर बार नहीं होती,
कोशिश करने वालों की हार नहीं होती।

—हरिवंशराय बच्चन

(क) इस काव्यांश में किस बात पर ज़ोर दिया गया है?
i. असफलता
ii. मेहनत
iii. विश्वास
iv. साहस

(ख) इस काव्यांश में कवि ने किस प्रकार के संघर्ष की बात की है?
उचित विकल्प का चयन कीजिए:
I. मेहनत कभी बेकार नहीं जाती।
II. बार–बार कोशिश करने से सफलता मिलती है।
III. बिना मेहनत के कुछ भी प्राप्त नहीं होता।
IV. असफलता से घबराना नहीं चाहिए।
विकल्प:
i. कथन I और III सही हैं।
ii. कथन II और IV सही हैं।
iii. कथन I, II और IV सही हैं।
iv. कथन I, II और III सही हैं।

(ग) कथन (A) और कारण (R) को पढ़कर उपयुक्त विकल्प चुनिए:
कथन (A) : मेहनत करने से हमेशा सफलता मिलती है।
कारण (R) : क्योंकि मेहनत करने वालों की हार कभी नहीं होती।
i. कथन (A) गलत है, किन्तु कारण (R) सही है।
ii. कथन (A) और कारण (R) दोनों ही गलत हैं।
iii. कथन (A) सही है और कारण (R) कथन (A) की सही व्याख्या है।
iv. कथन (A) सही है, किन्तु कारण (R) कथन (A) की सही व्याख्या नहीं है।

(घ) इस काव्यांश में कवि ने किस प्रकार से मेहनत और विश्वास की महत्ता बताई है?

(ङ) इस काव्यांश में सफलता के लिए कितनी बार कोशिश करने की सलाह दी गई है?

खंड–ख (व्यावहारिक व्याकरण) 16

3. निर्देशानुसार 'रचना के आधार पर वाक्य भेद' पर आधारित पाँच प्रश्नों में से किन्हीं चार प्रश्नों के उत्तर लिखिए– $4 \times 1 = 4$

(क) इन लोगों की छत्र–छाया हटी और मुझे अपने वजूद का एहसास हुआ। (सरल वाक्य में बदलिए)

(ख) नवाब साहब कुछ देर गाड़ी की खिड़की के बाहर देखकर स्थिति पर गौर करते रहे। (संयुक्त वाक्य में बदलिए)

(ग) जिसने नई तकनीक का आविष्कार किया, वह महान वैज्ञानिक था। (आश्रित उपवाक्य छाँटकर उसका भेद भी लिखिए)

(घ) मन्नूजी की साहित्यिक उपलब्धियों के लिए उन्हें अनेक पुरस्कार प्राप्त हो चुके हैं। (मिश्र वाक्य में बदलिए)

(ङ) बालगोबिन भगत की मौत उन्हीं के अनुरूप हुई। (रचना की दृष्टि से वाक्य का भेद लिखिए)

4. निर्देशानुसार 'वाच्य' पर आधारित पाँच प्रश्नों में से किन्हीं चार प्रश्नों के उत्तर लिखिए– $4 \times 1 = 4$

(क) नगरपालिका ने नेताजी की मूर्ति का उद्घाटन किया। (कर्मवाच्य में बदलिए)

(ख) नवाब साहब द्वारा जेब से चाकू निकाला गया और खीरे छीलने शुरू कर दिए गए। (कर्तृवाच्य में बदलिए)

(ग) उसने खुले आकाश के तारों को देखा। (भाववाच्य में बदलिए)

(घ) एक बहुत बड़े आर्थिक झटके के कारण वे इंदौर से अजमेर आ गए थे। (वाच्य पहचानकर भेद बताइए)

(ङ) भाव की प्रधानता वाले वाक्य में कौन–सा वाच्य होता है?

5. निर्देशानुसार 'पद परिचय' पर आधारित पाँच प्रश्नों में से किन्हीं चार प्रश्नों के रेखांकित पदों का पद–परिचय लिखिए– $4 \times 1 = 4$

(क) एक पद भगत गाते <u>और</u> सब सुनते।

(ख) अच्छे–अच्छों ने <u>इस</u> सवाल का हल ढूढ़ने का प्रयास किया, किंतु सबको असफलता ही हाथ लगी।

(ग) खाँ साहब अक्सर <u>कहते</u> हैं कि शहनाई छोड़कर कहाँ जाएँ?

(घ) <u>जन्मी</u> तो मध्य प्रदेश के भानपुरा गाँव में थी।

(ङ) गाड़ी की खिड़की से बाहर <u>देखकर</u> स्थिति पर गौर करते रहे।

6. निर्देशानुसार 'अलंकार' पर आधारित पाँच प्रश्नों में से किन्हीं चार प्रश्नों की रेखांकित काव्य पंक्तियों में अलंकार पहचान कर लिखिए– $4 \times 1 = 4$

(क) <u>देखा राम नयन भरे भोरें</u>।

(ख) <u>हज़ार–हज़ार खेतों की मिट्टी का गुण धर्म</u>।

(ग) बीती विभावरी जागरी , अम्बर पनघट में डुबो रही तास घट उषा नगरी।

(घ) <u>संगतकार ही स्थायी को सँभाले रखता है</u>।

(ङ) जिसके <u>अरुण कपोलों</u> की मतवाली सुंदर छाया में।

खंड–ग 30

(पाठ्य पुस्तक एवं पूरक पाठ्य पुस्तक)

7. निम्नलिखित पठित गद्यांश पर आधारित बहुविकल्पीय प्रश्नों के सर्वाधिक उपयुक्त उत्तर वाले विकल्प चुनकर लिखिए– $5 \times 1 = 5$

शहनाई और डुमराँव एक–दूसरे के लिए उपयोगी हैं। शहनाई बजाने के लिए रीड का प्रयोग होता है। रीड अंदर से पोली होती है जिसके सहारे शहनाई को फूँका जाता है। रीड, नरकट (एक प्रकार की घास)

से बनाई जाती है जो डुमराँव में मुख्यतः सोन नदी के किनारों पर पाई जाती है। इतनी ही महत्ता है इस समय डुमराँव की जिसके कारण शहनाई जैसा वाद्य बजता है। फिर अमीरुद्दीन जो हम सबके प्रिय हैं, अपने उस्ताद बिस्मिल्ला खाँ साहब हैं। उनका जन्म–स्थान भी डुमराँव ही है। इनके परदादा उस्ताद सलार हुसैन खाँ डुमराँव निवासी थे। बिस्मिल्ला खाँ उस्ताद पैगंबरबख्श खाँ और मिट्ठन के छोटे साहबजादे हैं।

(क) शहनाई बजाने के लिए किस वस्तु का प्रयोग किया जाता है?
कथन के लिए उचित विकल्प का चयन कीजिए–
I. शहनाई
II. नरकट
III. रीड
IV. सोन नदी
विकल्पः
i. कथन I और II सही हैं।
ii. कथन II और III सही हैं।
iii. कथन III सही है।
iv. कथन I, II और IV सही हैं।

(ख) कथन (A) और कारण (R) को पढ़कर उपयुक्त विकल्प चुनिएः
कथन (A) : शहनाई बजाने के लिए नरकट का उपयोग किया जाता है।
कारण (R) : नरकट से बनी रीड को शहनाई में फिट करने के लिए विशेष कौशल की आवश्यकता होती है।
विकल्पः
i. कथन (A) गलत है, किन्तु कारण (R) सही है।
ii. कथन (A) और कारण (R) दोनों ही गलत हैं।
iii. कथन (A) सही है और कारण (R) कथन (A) की सही व्याख्या है।
iv. कथन (A) सही है किन्तु कारण (R) कथन (A) की सही व्याख्या नहीं है।

(ग) शहनाई के लिए किस प्रकार की घास का प्रयोग किया जाता है?
i. नरकट
ii. घास
iii. बांस
iv. गन्ना

(घ) बिस्मिल्ला खाँ के परदादा का नाम क्या था?
i. अमीरुद्दीन
ii. सलार हुसैन खाँ
iii. पैगंबरबख्श खाँ
iv. मिट्ठन

(ङ) इस गद्यांश का मूल भाव क्या है? उचित विकल्प का चयन कीजिए–
I. शहनाई और डुमराँव का आपसी संबंध।
II. बिस्मिल्ला खाँ का योगदान।
III. नरकट का महत्व।
IV. सलार हुसैन खाँ का जीवन।

विकल्पः

i. कथन I और II सही हैं।
ii. कथन I और III सही हैं।
iii. कथन II और IV सही हैं।
iv. कथन I और IV सही हैं।

8. निर्धारित गद्य पाठों के आधार पर निम्नलिखित चार प्रश्नों में से किन्हीं तीन प्रश्नों के उत्तर लग. भग 25–30 शब्दों में लिखिए– $3 \times 2 = 6$

(क) बालगोबिन भगत की कबीर पर श्रद्धा के क्या कारण रहें होंगे? पाठ के आधार पर स्पष्ट कीजिए।

(ख) नवाब साहब के द्वारा खीरे के रसास्वादन की विधि को अपने शब्दों में लिखिए और स्पष्ट कीजिए कि खीरे की विधिवत तैयार की गई फाँकों को सूँघकर बाहर फेंक देना कहाँ तक उचित था?

(ग) एक कहानी यह भी की लेखिका मन्नू भंडारी को नए सिरे से अपने वजूद का अहसास कब व कैसे हुआ?

(घ) लेखक भदंत आनंद कौसल्यायन के अनुसार सभ्यता और संस्कृति में क्या अंतर है?

9. निम्नलिखित पठित काव्यांश पर आधारित बहुविकल्पीय प्रश्नों के सर्वाधिक उपयुक्त उत्तर वाले विकल्प चुनकर लिखिए– $5 \times 1 = 5$

तुम्हारी यह दंतुरित मुस्कान
मृतक में भी डाल देगी जान
धूलि–धूसर तुम्हारे ये गात.....
छोड़कर तालाब मेरी झोंपड़ी में खिल रहे जलजात
परस पाकर तुम्हारा ही प्राण,
पिघलकर जल बन गया होगा कठिन पाषाण
छू गया तुमसे कि झरने लग पड़े शैफालिक के फूल
बाँस था कि बबूल?
तुम–मुझे पाए नहीं पहचान?
देखते ही रहोगे अनिमेष।

(क) 'तुम्हारी यह दंतुरित मुस्कान' से कवि किसकी ओर संकेत कर रहा है?

i. जीवन की नयी ऊर्जा की ओर
ii. किसी प्रिय व्यक्ति के सौंदर्य की ओर
iii. प्रकृति की सौम्यता की ओर
iv. मानवीय संघर्ष की ओर

(ख) 'परस पाकर तुम्हारा ही प्राण' पंक्ति में किस स्थिति की ओर संकेत है?

I. जीवन के पुनर्जन्म की ओर
II. प्रेम की शक्ति की ओर
III. कठोरता के समाप्त होने की ओर
IV. जीवन के अंत की ओर

विकल्पः

i. कथन I सही है।
ii. कथन I और II सही हैं।
iii. कथन II और III सही हैं।
iv. कथन I और III सही हैं।

(ग) कथन (A) और कारण (R) को ध्यानपूर्वक पढ़कर सही विकल्प चुनिएः
कथन (A) : कवि की झोंपड़ी में जलजात खिले हैं।
कारण (R) : कवि के पास तालाब का शीतल जल है, जिससे जलजात खिले हैं।

i. कथन (A) गलत है, किंतु कारण (R) सही है।
ii. कथन (A) और कारण (R) दोनों ही गलत हैं।
iii. कथन (A) सही है और कारण (R) कथन (A) की सही व्याख्या है।
iv. कथन (A) सही है किंतु कारण (R) कथन (A) की सही व्याख्या नहीं है।

(घ) 'पिघलकर जल बन गया होगा कठिन पाषाण' पंक्ति में किस परिवर्तन की ओर संकेत है?

i. पत्थर के पानी में बदलने की ओर
ii. कठोरता के कोमलता में बदलने की ओर
iii. प्रेम के भाव के जन्म की ओर
iv. जीवन के अंत की ओर

(ङ) 'देखते ही रहोगे अनिमेष' पंक्ति में कवि किस स्थिति की ओर संकेत कर रहा है?

I. असमंजस और आश्चर्य
II. प्रेम और उत्सुकता
III. भय और चिंतन
IV. आश्चर्य और ध्यान

विकल्पः

i. कथन I सही है।
ii. कथन I और II सही हैं।
iii. कथन II और III सही हैं।
iv. कथन I और IV सही हैं।

10. निर्धारित कविताओं के आधार पर निम्नलिखित चार प्रश्नों में से किन्हीं तीन प्रश्नों के उत्तर लगभग 25–30 शब्दों में लिखिए– $3 \times 2 = 6$

(क) संगतकार जैसे व्यक्ति संगीत के अलावा और किन–किन क्षेत्रों में किस–किस रूप में दिखाई देते हैं?

(ख) 'अट नहीं रही है' कविता में किस ऋतु का वर्णन है और ऐसी कौन–सी चीज है, जो नहीं अट रही है?

(ग) "अरे खिल–खिला कर हँसते होने वाली उन बातों की" पंक्ति का भाव स्पष्ट करके लिखिए कि इन शब्दों में कवि–मन के किन भावों की झलक मिलती है?

(घ) 'मरजादा न लही' के माध्यम से कौन–सी मर्यादा न रहने की बात की जा रही हैं?

11. पूरक पाठ्य पुस्तक के निर्धारित पाठों पर आधारित निम्नलिखित तीन प्रश्नों में से किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर लगभग 50–60 शब्दों में लिखिए– $2 \times 4 = 8$

(क) सिक्किम यात्रा के दौरान युवतियों को देखकर लेखिका के मन में क्या विचार उत्पन्न हुए? अपने शब्दों में स्पष्ट कीजिए।

(ख) लेखक के अनुसार अनुभूति से उत्पन्न भीतरी विवशता किस प्रकार लिखने के लिए बाध्य करती है? 'मैं क्यों लिखता हूँ' पाठ के आधार पर उत्तर दीजिए।

(ग) बैजू जैसे शरारती बालकों के साथ रहने से किस तरह की स्थिति की संभावना बनी रहती है? इससे संबंधित घटना का उल्लेख 'माता का आँचल' पाठ के आधार पर कीजिए तथा बताइए कि आपने इस घटना से क्या प्रेरणा ग्रहण की है?

खंड–घ (रचनात्मक लेखन) 20

12. निम्नलिखित तीन विषयों में से <u>किसी एक</u> विषय पर संकेत बिन्दुओं के आधार पर लगभग 120 शब्दों में एक अनुच्छेद लिखिए– $1 \times 6 = 6$

(क) आज का युवा वर्ग

संकेत बिन्दु :

- भौतिकता की ओर आकर्षण
- भारतीय संस्कृति के प्रति घटती आस्था
- कुछ कर गुजरने की हिम्मत।

(ख) लोकतंत्र और चुनाव

संकेत बिन्दु :

- लोकतंत्र में लोक का महत्त्व
- जनता की आवाज : चुने हुए प्रतिनिधि
- प्रतिनिध चुनने से लोकतंत्र की रक्षा
- सही प्रतिनिधि कैसे चुनें।

(ग) करत करत अभ्यास के जड़मति होत सुजान

संकेत बिन्दु :

- अभ्यास का अर्थ
- अभ्यास के आवश्यक तत्व
- सफल व्यक्ति
- सच्चे कर्मवीर के लक्षण

13. (क) शारीरिक व्यायाम स्वास्थ्य की दृष्टि से अति आवश्यक है। अपने विद्यालय में एक कुशल योग प्रशिक्षक को रखने का अनुरोध करते हुए प्रधानाचार्य को लगभग 100 शब्दों में एक पत्र लिखिए। $1 \times 5 = 5$

अथवा

(ख) अनुराधा के मामाजी ने उसे जन्मदिन पर एक पुस्तक उपहार में भेजी है। धन्यवाद व्यक्त करते हुए उन्हें एक पत्र लिखिए।

14. (क) आपका नाम प्रदीप आसवानी है। भारतीय स्टेट बैंक में (स्केल–4 के लिए) प्रबंधक के पद हेतु नवभारत टाइम्स में विज्ञापन प्रकाशित हुआ है। आप वर्तमान में आई.सी.आई. बैंक में (स्केल–3) प्रबंधक हैं। आप इस पद पर नियुक्ति पाने हेतु लगभग 80 शब्दों में स्ववृत्त तैयार कीजिए। $1 \times 5 = 5$

अथवा

(ख) आपके विद्यालय का नया सत्र आरंभ हो गया है लेकिन बाजार में अभी तक आपकी हिंदी की पाठ्यपुस्तक उपलब्ध नहीं है। इस संदर्भ में एनसीईआरटी के व्यापार प्रबंधक को लगभग 80 शब्दों में एक ई–मेल लिखिए।

15. (क) बच्चों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए खिलौने बनाने वाली एक कम्पनी खिलता बचपन के लिए एक आकर्षक विज्ञापन लगभग 40 शब्दों में तैयार कीजिए। $1 \times 4 = 4$

अथवा

(ख) अपने मित्र को गुरु गोविंद सिंह जी के जन्मोत्सव पर लगभग 40 शब्दों में एक शुभक. ामना–संदेश लिखिए।

www.nodia.in